# विषय– सामाजिक विज्ञान
## (कक्षा–9)

पूर्णांक– 100

इसमें एक लिखित प्रश्नपत्र–70 अंकों एवं 30 अंकों का प्रोजेक्ट कार्य होगा;

| | | | अंक |
|---|---|---|---|
| I | भारत और समकालीन विश्व–1 (इतिहास) | | 20 |
| II | समकालीन भारत –1 (भूगोल) | | 20 |
| III | लोकतांत्रिक राजनीति (नागरिकशास्त्र) | | 15 |
| IV | अर्थव्यवस्था (अर्थशास्त्र) | | 15 |
| | | योग | 70 |
| | प्रोजेक्ट कार्य | | 30 |
| | | योग | 100 |

(I)

**भारत और समकालीन विश्व–1 (इतिहास)** **20 अंक**

**खण्ड–1**

**घटनायें और प्रक्रियायें** 09 अंक

**इकाई(1) फ्रांसिसी क्रान्ति**

1. पुरातन शासन व्यवस्था और उसकी समस्यायें (संकट)
2. क्रान्ति के लिये उत्तरदायी सामाजिक तत्त्व।
3. तत्कालीन क्रान्तिकारी समूह और विचार
4. विरासत

**इकाई(2) यूरोप में समाजवाद एवं रूसी क्रान्ति**

1. जारवाद (राजत्व) का संकट
2. 1905 से 1917 के मध्य सामाजिक आन्दोलनों की प्रकृति।
3. प्रथम विश्व युद्ध और सोवियत राज्य की स्थापना।
4. विरासत

**इकाई(3) नात्सीवाद और हिटलर का उदय**

1. सामाजिक लोकतंत्र का विकास
2. जर्मनी में संकट, हिटलर के उदय का मूल कारण
3. नाजीवाद की विचारधारा
4. नाजीवाद का प्रभाव

**खण्ड–2**

**जीविका, अर्थव्यवस्था एवं समाज** **06 अंक**

**इकाई(4) वन्य समाज और उपनिवेशवाद**

1. जीविकोपार्जन और जंगल के बीच सम्बन्ध
2. उपनिवेशवाद के अन्तर्गत वन्य समाज (नीतियों) में हुये परिवर्तन,

केस अध्ययन– मुख्यतः दो वन्य आन्दोलनों में प्रथम औपनिवेशिक भारत में (बस्तर) और दूसरा इण्डोनेशिया का।

**इकाई(5) आधुनिक विश्व में चरवाहे**

1. पशुचारण–जीवन निर्वाह के रूप में
2. पशुचारण के विभिन्न प्रकार (स्वरूप)
3. औपनिवेशिक शासन और आधुनिक राज्य में चरवाहों का जीवन

केस अध्ययन– मुख्यतः दो चरवाहा समूह– एक अफ्रीका का और दूसरा भारत का।

(6) मानचित्र कार्य– 05 अंक

1 फ्रांसिसी क्रांति–

फ्रांस का रूपरेखीय मानचित्र (चिन्हित तथा पहचानने/नामांकित करने हेतु)
क–बोरडाक्स
ख–नान्तेस
ग–पेरिस
घ–मार्सेल्स

2 यूरोप में समाजवाद तथा रूस की क्रान्ति–

विश्व का रूपरेखीय मानचित्र (चिन्हित, पहचानने/नामांकित करने हेतु)
क–प्रथम विश्व युद्ध के प्रमुख देश (केन्द्रीय शक्तियाँ तथा मित्र शक्तियाँ)
ख–केन्द्रीय शक्तियाँ– जर्मनी, ऑस्ट्रिया–हंगरी, तुर्की (ओटोमन साम्राज्य)
ग–मित्र शक्तियाँ– फ्रांस, इंग्लैंड, (रूस), अमेरिका

3 नाजीवाद तथा हिटलर का उदय–

विश्व का रूपरेखीय मानचित्र (चिन्हित, पहचानने/नामांकित करने हेतु)
क–द्वितीय विश्व युद्ध के प्रमुख देश–
धुरी शक्तियाँ–जर्मनी, इटली, जापान
मित्र शक्तियाँ–यूनाईटेड किंगडम, फ्रांस, पूर्व यूनियन सोवियत सोशलिस्ट रिपब्लिक, संयुक्त राज्य अमेरिका।
ख–जर्मन विस्तार के अन्तर्गत क्षेत्र (नाजी शक्ति)
ऑस्ट्रिया, पोलैण्ड, चेकोस्लोवाकिया (मानचित्र में केवल स्लोवाकिया), डेनमार्क, लिथुआनिया, फ्रांस, बेल्जियम।

**नोट–दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों हेतु मानचित्र से संबंधित पाँच प्रश्न पूँछे जायेंगे।**

(I)

**समकालीन भारत–1 (भूगोल) 20 अंक**

**इकाई–1 07 अंक**

**(i)<u>भारत–आकार एवं स्थिति–</u>** भारत तथा विश्व, भारत के पड़ोसी देश।

**(ii)भारत का भौतिक स्वरूप**–मुख्य भौगोलिक वितरण (हिमालय पर्वत श्रंखला, उत्तरी मैदान, प्रायद्वीपीय पठार, भारतीय मरूस्थल, तटीय मैदान, द्वीप समूह)।

**(iii) अपवाह**–भारत में अपवाह तन्त्र, हिमालय की नदियाँ प्रायद्वीपीय नदियाँ, झीलें, नदियों का अर्थव्यवस्था में महत्व।

**इकाई–2 08 अंक**

**(iv) जलवायु**– जलवायवी नियंत्रण, भारत की जलवायु को प्रभावित करने वाले कारक, ऋतुएं, मानसून का आगमन, वापसी, वर्षा का वितरण, मानसून एकता का परिचायक ।

**(v) प्राकृतिक वनस्पति तथा वन्य प्राणी**–वनस्पति के प्रकार, वन्य प्राणी, पादप और वन्य जीव सम्पत्ति की सुरक्षा के लिए सरकार द्वारा उठाये गये कदम।

**(vi) जनसंख्या**–जनसंख्या का आकार एवं वितरण, जनसंख्या वृद्धि एवं जनसंख्या परिवर्तन की प्रक्रिया, किशोर जनसंख्या, राष्ट्रीय जनसंख्या नीति।

4. मानचित्र कार्य– 05 अंक

1–भारत–आकार तथा स्थिति

1–भारत– राजधानियों सहित राज्य, कर्क रेखा, मकर रेखा, मानक भूमध्य, सबसे दक्षिणी, सबसे उत्तरी, सबसे पूर्वी तथा सबसे पश्चिमी बिंदु (चिन्हित तथा नामांकित करना)

2–भारत की प्राकृतिक विशेषताएँ–

पर्वत श्रेणियाँ– काराकोरम, शिवालिक, अरावली, विन्ध्य, सतपुड़ा, पश्चिमी तथा पूर्वी घाट, जांस्कर।
पर्वत चोटियाँ– के–2, कंचनजंघा, अनाईमुडी
पठार– दक्खन का पठार, छोटा नागपुर का पठार, मालवा पठार
तटीय मैदान– कोंकण, मालाबार, कोरोमंडल तथा Northern Circars (चिन्हित तथा नामांकित करना)

3–अपवाह तंत्र–

नदियाँ (केवल चिन्हित करने हेतु)

क) हिमालयी नदी तंत्र– सिंधु, गंगा तथा सतलज

ख) प्रायद्वीपीय नदियाँ– नर्मदा, ताप्ती, कावेरी, कृष्णा, गोदावरी, महानदी।

झीलें–वुलर, पुलीकट, साम्भर, चिल्का, वेम्बनाद, कोल्लेरू

**4–जलवायु–**

चिन्हित करने हेतु शहर– तिरूवनंतपुरम, चेन्नई, जोधपुर, बैंगलूरू, मुम्बई, कोलकाता, लेह, शिलांग, दिल्ली, नागपुर (चिन्हित तथा नामांकित करना)

**5–प्राकृतिक वनस्पति तथा वन्य जीवन–**

वनस्पति का प्रकार–ऊष्णकटिबंधीय सदाबहार वन, ऊष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन, कंटीले वन, पर्वनीय वन तथा मैंग्रोव (केवल चिन्हित करने हेतु)

राष्ट्रीय उद्यान–कार्बेट, काजीरंगा, रणथम्भौर, शिवपुरी, कान्हा, सिमलीपाल तथा मानस

पक्षी अभयारण्य–भरतपुर तथा रंगनथिट्टो

वन्यजीव अभयारण्य– सरिस्का, मदुमलाई, राजाजी, दचिगाम (चिन्हित तथा नामांकित करने हेतु)

**6–जनसंख्या (चिन्हित तथा नामांकित करना)–**

सबसे बड़े और छोटे राज्य।

**नोट–दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों हेतु मानचित्र से संबंधित पाँच प्रश्न पूँछे जायेंगे।**

(III)

लोकतांत्रिक राजनीति–1 (नागरिक शास्त्र) 15 अंक

इकाई–1

(i) <u>लोकतंत्र क्या एवं क्यूँ ?</u>– 06 अंक

लोकतंत्र को परिभाषित करने के विभिन्न तरीके क्या हैं? लोकतंत्र शासन का सर्वाधिक प्रचलित स्वरूप क्यों बन चुका है? लोकतंत्र के विकल्प क्या हैं? क्या लोकतंत्र अपने मौजूदा विकल्पों से श्रेष्ठ है? क्या प्रत्येक लोकतंत्र में समान संस्थाएँ और आदर्श होने चाहिए?

(ii) संविधान निर्माण –

भारत लोकतंत्र बना–क्यूँ और कैसे? भारतीय संविधान कैसे विकसित हुआ है? भारतीय संविधान की प्रमुख विशेषताएँ क्या हैं? भारत में किस प्रकार से लोकतंत्र निरंतर रचित एवं पुनर्रचित हुआ है?

इकाई–2 09 अंक

(iii) चुनावी राजनीति–

हम प्रतिनिधियों का चुनाव कैसे एवं क्यूँ करते हैं? हमारे यहाँ राजनीतिक दलों में प्रतिद्वंदिता क्यों है? चुनावी राजनीति में नागरिकों की सहभागिता किस प्रकार बदल गई है?स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित कराने के तरीके क्या हैं?

(i) संस्थाओं की कार्यप्रणाली–

देश कैसे शासित होता है? हमारे लोकतंत्र में संसद की क्या भूमिका है? भारत के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मन्त्रिपरिषद की क्या भूमिका होती है? ये कैसे एक–दूसरे से सम्बन्धित हैं?

(ii) लोकतांत्रिक अधिकार–

हमें संविधान में अधिकारों की आवश्यकता क्यूँ है? भारतीय संविधान में नागरिकों द्वारा उपयोग किए जाने वाले मौलिक अधिकार क्या हैं? न्यायपालिका किस प्रकार से नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करती है? न्यायपालिका की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के क्या उपाय है।

(IV)

(अर्थशास्त्र) 15 अंक

इकाई–1 07 अंक

1. पालमपुर गाँव की कहानी–

अवलोकन, उत्पादन का संगठन, पालमपुर में खेती, पालमपुर में गैर कृषि क्रियाएं।

2. **संसाधन के रूप में जनसंख्या (लोग)** –

परिचय, पुरूषों और महिलाओं के आर्थिक क्रिया–कलाप, जनसंख्या की गुणवत्ता स्वास्थ्य बेरोजगारी।

**इकाई–2** **08अंक**

3. **निर्धनता–एक चुनौती–**

परिचय, निर्धनता के दो विशिष्ट मामले, सामाजिक वैज्ञानिको की दृष्टि में निर्धनता, निर्धनता रेखा, निर्धनता के अनुमान, असुरक्षित समूह, अन्तर्राज्यीय असमानतायें, वैश्विक निर्धनता परिदृश्य निर्धनता के कारण, निर्धनता निरोधी उपाय, भावी चुनौतियाँ।

4. **भारत में खाद्य सुरक्षा** –

खाद्य सुरक्षा क्या है? क्यों खाद्य असुरक्षित कौन है? भारत में खाद्य सुरक्षा, बफर स्टॉक, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, सा0वि0प्र0 की वर्तमान स्थिति, भारतीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम–2013, सहकारी समितियों की खाद्य सुरक्षा में भूमिका।

<u>प्रोजेक्ट कार्य / गतिविधि</u> **15 अंक**

- शिक्षार्थी भारत के गीत, नृत्य, पर्व और निश्चित मौसम में प्रमुख प्रकार के भोजन की पहचान, साथ ही क्या एक क्षेत्र की दूसरे क्षेत्र से कुछ समानता है? इसकी पहचान करें। शिक्षार्थी द्वारा अपने विद्यालय क्षेत्र के आस–पास की वनस्पति एवं पशु जगत से पदार्थों / सूचनाओं को एकत्र करना। इसमें उन प्रजातियों की सूची बनाना, जिनका अस्तित्व खतरे में है एवं उनको सुरक्षित करने से सम्बन्धित प्रयासों की सूचना सूचीबद्ध करना।

<u>पोस्टर</u>–

प्रोजेक्ट कार्य–

(क) महिलाओं, बुजुर्गों, बच्चों एवं दिव्यांगों की सुरक्षा से सम्बन्धित प्रोजेक्ट कार्य।

(ख) वर्तमान समस्या–जैसे यातायात सुरक्षा, महिलाओं की सुरक्षा, दिव्यांगजनों की सुरक्षा से सम्बन्धित कुछ घटनाओं को एकत्रित कर उसे लिखना तथा समस्या से बचाव हेतु सुझाव लिखना, तथा सरकारी हेल्पलाइनों की जानकारी प्राप्त करना।

(ग) भारत के स्वाधीनता संग्राम में महिलाओं के योगदान की सूची बनाना।

(घ) भूगोल में स्थानीय पर्यावरणीय समस्याओं की सूची बनाना तथा निदान के उपाय ढूँढना।

(ङ) स्थानीय स्तर पर दिव्यांगों, एवं वृद्धों की सूची बनवाना तथा उनकी व्यक्तिगत समस्याओं को समझाना और उसे लिपिबद्ध करना।

(च) नगरों में वर्तमान पर्यावरणीय समस्याओं की सूची बनाना तथा उससे बचने के कुछ उपाय लिखना आदि।

(छ) नगरों में बुजुर्ग दम्पत्तियों के साथ होने वाली कुछ घटनाओं का उल्लेख एवं बचाव के उपाय लिखना आदि।

- नदी–प्रदूषण।
- वनों का क्षरण एवं पारिस्थितिकीय असंतुलन।

**नोट**– कोई समान गतिविधि भी चुनी जा सकती है।

<u>प्रोजेक्ट कार्य</u> –

- शिक्षक अपने विवेकानुसार पाठ्यक्रम से सबंधित छात्र / छात्राओं को वितरित कर सकते हैं।
- अपेक्षित उद्देश्यों की पूर्ति हेतु यह आवश्यक होगा कि प्रधानाचार्य / अध्यापक द्वारा विभिन्न स्थानीय सरकारी संस्थाएँ और संगठन जैसे आपदा प्रबंधन संस्थाएँ, सहायक, पुनर्वास और आपदा प्रबन्धन विभागों द्वारा (राज्यों के) जिलाधिकारी कार्यालय / उप आयुक्तों, अग्निशमन सेवा, पुलिस, नागरिक सुरक्षा आदि के द्वारा सहायता लिया जाना आवश्यक होगा।

**प्रोजेक्ट कार्य हेतु अंक वितरण :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विषयवस्तु की मौलिकता एवं शुद्धता | — | 1 अंक |
| 2. | प्रस्तुतीकरण तथा रचनात्मकता | — | 1 अंक |
| 3. | प्रोजेक्ट पूरा करने की प्रक्रिया<br>— पहल करना, सहयोगिता, सहभागिता तथा समयबद्धता | — | 1 अंक |
| 4. | विषयवस्तु आत्मसात करने हेतु मौखिक अथवा लिखित परीक्षा | — | 2 अंक |

**नोटः—** प्रोजेक्ट कार्य का मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर आन्तरिक होगा।

**शैक्षिक सत्र 2024—25 हेतु आन्तरिक मूल्यांकन** **30अंक**

**1—प्रथम आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा—** (प्रोजेक्ट कार्य/गतिविधि) **अगस्त माह** **10 अंक**

**2—द्वितीय आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा—**(प्रोजेक्ट कार्य /गतिविधि) **दिसम्बर माह** **10 अंक**

**3—चार मासिक परीक्षाएं** **10 अंक**

- प्रथम मासिक परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) के आधार पर) — मई माह
- द्वितीय मासिक परीक्षा (वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर) — जुलाई माह
- तृतीय मासिक परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) के आधार पर) — नवम्बर माह
- चतुर्थ मासिक परीक्षा (वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर) — दिसम्बर माह

चारों मासिक परीक्षाओं के प्राप्तांकों के योग को 10 अंकों में परिवर्तित किया जाय।